कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम मेरा अवगुण भरा शरीर

कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम, मेरा अवगुण भरा शरीर
अवगुण भरा शरीर मेरा, अवगुण भरा शरीर
कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम, मेरा अवगुण भरा शरीर

अंका तारे बंका तारे, तारे सजन कसाई
सुवो पढ़वात गणिका तारी, तारी मीरा बाई
कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम, मेरा अवगुण भरा शरीर

ध्रुव तारे प्रह्लाद उबारे, और गजराज उबारे
नरसिंह जी को भात भर्यो जद, रूप साँवरो धारयो
कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम, मेरा अवगुण भरा शरीर

धना भगत का खेत बचाया, नामकी छान छवाई
सेन भगत का सासा मेट्या, आप बने हरि नाई
कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम, मेरा अवगुण भरा शरीर

काशी के हम वासी कहिये, नाम है मेरा कबीरा
करनी करके पार उतर गया, जात परण कुल हीरा
कहो जी कैसे तारोगे मेरे राम, मेरा अवगुण भरा शरीर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22570/title/kaho-ji-kaise-taaro-ge-mere-ram-mera-avgun-bhaara-sharir

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |